संख्या:206/2019/614/35-4-2019

प्रेषक ,

आर0एन0एस0यादव
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजीपुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 09 मार्च,2019

विषय: मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2018-19 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधान सभा क्षेत्रों में रू.5.00 करोड़ के कार्यों हेतु धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद गाजीपुर की विधान सभा क्षेत्र-जखनिया, सदर एवं मुहम्मदाबाद से संबंधित कार्यो हेतु रू. 1279.47 लाख (जिसमें अधिष्ठान व्यय एवं 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि सम्मिलित है) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू. 1279.47 लाख (रूपये बारह करोड़ उन्यासी लाख सैंतालीस हजार मात्र), की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नलिखित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यो के लिये कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग होगी:-

(लाख रू.में)

	वि0स0 क्षेत्र का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी)	लागत	अवमुक्त धनराशि
1	जखनिया	हंसराजपुर भड़सर सम्पर्क मार्ग रामाधार यादव के चक से राजभर बस्ती तिलेसड़ा में मोती राजभर के घर के सामने तक पी0सी0 स्तर तक निर्माण कार्य।	1.200	59.82	59.82
2	जखनिया	नन्दगंज शादियाबाद सम्पर्क मार्ग मुबारकपुर कुदुरतुल्ला में सम्पत चौहान के खेत से रमाशंकर चौहान के घर होते हुए पोखरा तक पी0सी0 स्तर तक निर्माण कार्य।	0.900	46.11	46.11
3	जखनिया	विकास खण्ड मनिहारी के गाजीपुर हंसराजपुर सम्पर्क मार्ग रामपुर जीवन नदी पुल के नीचे से फिरोजपुर राजभर बस्ती तकसी0सी0 निर्माण कार्य।	0.900	59.87	59.87
4	जखनिया	जखनियां में धर्मागतपुर मोनाठपुर के नहर पुल से दक्षिण तरफ अवधेश राजभर का खेत होते हुए फूलचंद राजभर के घर तक पी0सी0 का कार्य।	1.000	50.07	50.07
5	जखनिया	जखनियां में डिल्ला में पिच रोड नारायण राजभर की दुकान से राजभर बस्ती स्व0 गरीब राजभर के घर से आगे तकपी0सी0 का कार्य।	1.050	31.52	31.52
6	जखनिया	जखनियां सादात सम्पर्क मार्ग व्दावन राजा यादव चन्दाराम के चक से कन्हैया चौधरी के चक तक पी0सी0 स्तर तक निर्माण कार्य।	0.700	40.74	40.74
7	जखनिया	बैरल बघाई सम्पर्क मार्ग से अहियाई पंचदेव राजभर के चक से कन्हैया के घर तक पी0सी0 स्तर तक निर्माण कार्य।	0.700	36.69	36.69

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	वि0स0 क्षेत्र का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी)	लागत	अवमुक्त धनराशि
8	जखनिया	गदाईपुर सम्पर्क मार्ग से बुझावल गौड़ के घर होते हुए राजभर बस्ती तक पी0सी0स्तर तक निर्माण कार्य।	1.000	38.33	38.33
		योग विधान सभा क्षेत्र जखनियां	**7.45**	**363.15**	**363.15**
9	सदर	देवसिहा पिच रोड से रामलाल बिन्द के घर तक सी0सी0 रोड का कार्य।	0.120	5.27	5.27
10	सदर	सराय सरीफ में डॉ शम्भू के दुकान (पिच रोड) से होते हुए मनोज बिन्द के घर तक आगे प्यारे नाई के घर तक सी0सी0 रोड का कार्य।	0.270	16.76	16.76
11	सदर	मडहुआ काली माँ के स्थान से मडहुआ गाँव तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	0.405	18.74	18.74
12	सदर	महराजगंज में यूनियन बैंक के पीछे धर्मेन्द्र सिंह के मकान के बगल से होते हुए मन्टु जायसवाल के डेरा तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	0.120	8.79	8.79
13	सदर	कठही गाँव से सलेमपुर से आगे सम्मानपुर पुलिया तक मिट्टी.खडंजा का कार्य।	1.00	20.80	20.80
14	सदर	सीसौड़ा में फूलचन्द्र पाल के खेत से रामराज यादव के मशीन तक मिट्टी.खडंजा का कार्य।	0.450	9.73	9.73
15	सदर	कुसम्हीकला में अवधेश कश्यप के घर से हरिशंकर गिरि के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग ढक्कनदार नाली का कार्य।	0.220	13.18	13.18
16	सदर	ग्राम सभा धरवाँ में रामकुँवर बिन्द के मशीन से आगेपिच रोड होते हुए वकील के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.0120	7.89	7.89
17	सदर	देवसिंहा में रामचन्द्र बिन्द के घर से पिच रोड तक मिट्टी.खडंजा का कार्य।	0.090	1.99	1.99
18	सदर	ग्राम सभा भिक्खेपुर में लालजी बिन्द के घर से ओमप्रकाश बिन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली का कार्य।	0.150	9.15	9.15
19	सदर	चिलार पुलियां से रमेश बिन्द के स्कूल तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.300	14.83	14.83
20	सदर	चाड़ीपुर मुख्य मार्ग से राममूरत राय के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.100	4.60	4.60
21	सदर	बेलासी हाल्ड से बेलासी गांव तक सी0सी0 रोड का कार्य।	0.660	73.77	73.77
22	सदर	गोंडा में पारस बिन्द के मकान से बिरु के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य।	0.150	8.45	8.45
23	सदर	ग्राम जाठपुर में कल्लू बिन्द के मशीन से होते हुए दुलार बिन्द के घर से आगे बबुरा बिन्द बस्ती तक पिच रोड ।	0.900	49.45	49.45
24	सदर	किशोहरी मेन रोड से पोखरा होते हुए आगे चिलार पिच रोड तक मिट्टी.खडंजा कार्य।	1.35	27.74	27.74
25	सदर	माहेपुर सम्पर्क से गाँव में जाने के लिए राम प्रदेश के मशीन से सचिन्द्रनाथ के घर तक पिच रोड।	0.450	22.82	22.82
26	सदर	ग्राम सभा सराय सरीफ में नगीना बिन्द के घर से होते हुए कुण्डू से आगे बलगड़ा तक पिच रोड ।	2.00	102.91	102.91
		योग विधान सभा क्षेत्र सदर	**8.747**	**416.87**	**416.87**
27	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड भांवरकोल में ग्राम सकडेहरी बाठा तक मार्ग का नवनिर्माण।	0.900	33.51	33.51
28	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड भांवरकोल में ग्राम बलेसड़ी से जोगा तक सुदृढीकरण व लेपन कार्य।	3.000	122.87	122.87

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	विo सo क्षेत्र का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी)	लागत	अवमुक्त धनराशि
29	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड भांवरकोल में कोटवा नारायणपुर सम्पर्क मार्ग से ग्राम मसौनी तक सुदृढीकरण व लेपन कार्य।	1.160	49.02	49.02
30	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड भांवरकोल में बीरपुर सम्पर्क मार्ग से बुढाडीह होते हुए ग्राम तराव तक मार्ग निर्माण।	1.500	85.17	85.17
31	मुहम्मदाबाद	विकासखंड मुहम्मदाबाद में ग्राम नवपुरा मन्दिर से ग्राम तमलपुरा के आड़ारी तक 3.00 किमी0 मार्ग का सुदृढीकरण।	3.000	95.89	95.89
32	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड मुहम्मदाबाद में माढुपुर कुण्डेसर सम्पर्क मार्ग से बंगत यादव के घर तक मार्ग का नव निर्माण एवं दो अदद पुलिया निर्माण	1.200	65.96	65.96
33	मुहम्मदाबाद	विकास खण्ड मुहम्मदाबाद में ग्राम सराय बहादुर से ग्राम कोठिया तक मार्ग का सुदृढीकरण।	1.341	47.03	47.03
		योग विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद	**12.101**	**499.45**	**499.45**
		योग जनपद गाजीपुर	**28.298**	**1279.47**	**1279.47**

1- स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।

2- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।

3- मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से संबंधित उक्त कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के मुख्यालय स्तर तथा क्षेत्रीय/जनपदीय अधिकारियों द्वारा वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल पर सुसंगत सूचनाओं को अंकित करते हुये नियमित रूप से प्रगति विवरण भरा जायेगा।

4- कार्यों का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्यों के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियाँ इस्तेमाल करना इत्यादि अनुमन्य नहीं है।

5- निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। विस्तृत आगणन यदि अनुमोदित मूल आगणन से उल्लेखनीय रूप से भिन्न (Significantly different) होते हैं, तो कार्य की वास्तविक लागत को शासन स्तर से अनुमोदित कराया जाना अपेक्षित होगा। इस प्रकार अनुमोदित विस्तृत आगणन की प्रति कार्य स्थल के विवरण इत्यादि सहित कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से नियोजन विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी।

6- प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

7- प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा यथा संशोधित/स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

8- ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9- स्वीकृति निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्यों हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।

10- स्वीकृति निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

11- परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

12- स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।

13- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2019 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती ह तो उसे 31 मार्च, 2019 से पूर्व समर्पित किया जायेगा । स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2019 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

14- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2019 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

15- जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।

16- कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा ।

17- यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।

18- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

19- समस्त आवश्यक वधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

20- त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर,2018 तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2018-1092/23-02-2018 दिनांक 04 नवम्बर,2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

21- कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2018-1092/23-02-2018 दिनांक 04 नवम्बर,2018 के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-10 के अनुसार मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

22- मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रश्नगत घोषणा से संबंधित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग नोडल विभाग ह॥ अतः स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति का अनुश्रवण लोक निर्माण विभाग द्वारा तथ्यार की गई वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल आदि के माध्यम से किया जायेगा।

23- कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्बंधित ग्रामीण/नगरीय निकाय को हस्तान्तरित की जायेगी। संबंधित निकाय द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।

2- उपर्युक्त कार्यों की मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0305-लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्य-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च,2018 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0एन0एस0यादव)
विशेष सचिव

संख्या:206/2019/614(1)/35-4-2019 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- प्रमुख सचिव, विधान सभा।
7- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
8- मण्डलायुक्त, वारणसी।
9- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग/मुख्य अभिन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
10- मुख्य विकास अधिकारी, गाजीपुर।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, गाजीपुर।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, गाजीपुर।
14- अधिशासी अभियन्ता,लो0नि0वि0/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,गाजीपुर।
15- अनुसचिव,मुख्यमंत्री घोषणा-प्रकोष्ठ।
16- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0यादव)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया ह॥ अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही ह॥।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती ह॥।

http://shasanadesh.up.nic.in